1. विद्यार्थियों को आधुनिकतम विधि से शिक्षित कर विद्याार्थियों को सुयोग्य नागरिक बनाने का प्रयत्न करना।
2. समय–समय पर स्थानीय तथा प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर सुयोग्य शिक्षकों से संपर्क स्थपित करना व शैक्षणिक विषयों पर विमोचन करना। छात्रोपयोगी बाल पत्रिका का वार्षिक अधिवेशन को समय पर प्रकाशन करना।
3. विद्यार्थियों के शारीरिक विकास हेतू उनमें विविध खेलों हेतू रूचि जागृत करना एवं उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतू सक्षम करना।
4. विभिन्न शैक्षणिक,सामाजिक एवं राजनैतिक विषयों पर शोध एवं लेखन के साथ साथ पूर्ण निष्ठा एवं समाज हित में पत्रकारिता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन करना।
5. स्वास्थ्य के प्रति लोगें में जागरूकता लाना तथा रोगो के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में प्रसार करना।
6. लोगों में ऊर्जा संरक्षण के संबंध में चेतना पैदा करना तथा वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोत जैसे– सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा के बारे में जानकारी देना।
7. विशेष योग्यजन /निःशक्तजन /दिव्यांग / नेत्रहीन / मानसिक विकलांग / शारीरिक / मूकबधिर व अन्य योग्यजन के लिए शिक्षा का प्रसार–प्रसार करना तथा उनका शिक्षित करने के लिए विद्यालय एवं महाविद्यालय की स्थापना करना व संचालन करना।
8. सामाजिक स्थिति में से पिछड़े वर्ग सामाजिक महिलाओं व भिक्षुओं के हितार्थ चिंतन एवं रचनात्मक कार्य द्वारा प्रगति पथ प्रदर्शित करना एवं शहरी व देहाती प्रोढ़ों शिक्षा एवं अनौपचारिक शिक्षा के जरिए शिक्षित करना एवं राष्ट्रीय मिशन का द्वीप प्रज्जवलित करना।
9. जनता के विशेषकर पिछड़े वर्ग सामाजिक एवं सांस्कृतिक एवं सर्वांगीण विकास के वास्ते प्रयास करना।
10. अनाथ, असहाय, विकलांग उनमें भी विशेषकर बालक–बालिकओं व नारी जाति को विशेष रूप से विधवाओ की सहायता करना
11. शिक्षा से वंचित बालक–बालिकाओं, महिलाओं के लिए शिक्षण की व्यवस्था करना, विद्यालय एंव महाविद्यालय खोलना, कोचिंग सेन्टर संचालित करना, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित करना, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाना। अन्य कोई भी विषय जिससे जनता का शैक्षणिक एवं बौद्धिक स्तर उच्च होता हो वाले कार्यक्रमों का संचालन करना तथा उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करवाना।
12. ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु मेडिकल कॉलेज का निर्माण करवाना तथा खोलना एवं संचालित करना।
13. आयुर्वेद/ होम्योपैथी/ नर्सिंग कॉलेज की स्थापना करना एवं संचालित करना। ग्रामीण क्षेत्र में उपचार,परामर्श एवं दवाई वितरण हेतु अस्पताल खोलना व संचालित करना।
14. ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के लिए कृषि एवं पशुपालन संबंधी शोध संस्थान स्थापित करना। कृषि, पशुपालन विषयों की शिक्षा हेतु कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों की स्थापना करना।
15. विभिन्न विषयों पर शोध एवं शिक्षण संबंधी लेख–प्रलेख एवं शिक्षण सामग्री का प्रकाशन एवं वितरण करना।
16. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पुस्तकालय, वाचनालय मनोरंजन की व्यवस्था करना तथा साहित्यिक पत्र–पत्रिकाओं की व्यवस्था करना।
17. सूचना विस्तार संबंधित कार्यक्रम में प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण करना एवं प्रकाशन मीडिया समर्थन तथा सूचना प्रौद्यागिकी संबंधित कार्यक्रम करना। इलक्ट्रोनिक मीडिया प्रिंट मीडिया अखबार आदि कार्य करना।

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष